nDSS
National Diabetes Services Scheme
An Australian Government Initiative

NDSS हेल्पलाइन 1800 637 700
ndss.com.au

Hindi | हिन्दी

हम यह बताने के लिए आपसे संपर्क कर रहे हैं कि अगले **दो महीनों** में, नेशनल डायबिटीज सर्विसिज स्कीम (NDSS) के डायबिटीज उत्पादों तक आपकी पहुँच (ऐक्सेस) उपलब्ध नहीं होगी*।

आप तब भी हमारी वेबसाइट ndss.com.au/after-gestational पर जानकारी तक पहुँच प्राप्त कर सकती हैं ताकि भविष्य में आपके स्वास्थ्य का ध्यान रखने में आपको मदद मिल सके।

हमें पता है कि आप सम्भवत: बहुत वयस्त रहे होंगे, परन्तु अब अपने स्वास्थ्य पर फिर से ध्यान देने का अच्छा समय है। यह विशेषकर सच है क्योंकि जिन महिलाओं को जेस्टेशनल डायबिटीज हो चुका हो, उनमें टाइप 2 डायबिटीज विकसित होने की संभावना और अधिक होती है।

Life after gestational diabetes (जेस्टेशनल डायबिटीज के बाद जीवन) कहे जाने वाली पुस्तिका हिन्दी में हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। यह इस बारे में जानकारी प्रदान करती है कि अपने डायबिटीज के खतरे को कम करने तथा अपने और अपने परिवार को स्वस्थ रखने के लिए आप कौन से कदम उठा सकती हैं।

नेशनल जेस्टेशनल डायबिटीज रजिस्टर आपका समर्थन करना जारी रखेगा। रजिस्टर आपको और आपके जनरल प्रेक्टिशनर (जी.पी.) को हर साल डायबिटीज जांच करवाने के रिमांडर भेजेगा, जिससे यह पता लगेगा कि क्या आपके रक्त ग्लूकोज़ स्तर स्वस्थ्य श्रेणी में हैं।

अपने विवरण, अपने जी.पी. के विवरण अपडेट करने के लिए , या यदि अब आप रजिस्टर से संचार प्राप्त नहीं करना चाहती हैं, तो कृपया ndss.com.au/gdm-update वेबसाइट देखें। यदि आप अपना नाम वापस लेना चाहती हैं, तो आप और आपके जी.पी. को डायबिटीज जांच से सम्बन्धित रिमांडर या रजिस्टर से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जानकारी नहीं मिलेगी।

यदि आपके कोई सवाल हैं, तो कृपया info@ndss.com.au पर ई-मेल करके हमें संपर्क करें या NDSS हेल्पलाइन को 1800 637 700 पर फोन करें।

सादर,

Jan Ridd
कार्यकारी महाप्रबंधक, नेशनल डायबिटीज सर्विसिज स्कीम
Diabetes Australia

**यदि डायबिटीज के साथ आपका निदान किया जाता है और आपको NDSS उत्पादों तथा सेवाओं तक पहुँच की आवश्यकता है, तो आपके स्वास्थ्य पेशेवर को ndss.com.au/forms पर एक नया NDSS रजिस्ट्रेशन फॉर्म पूरा करना होगा।*

diabetes australia
The NDSS is administered by Diabetes Australia